THE BODHGAYA HOTEL SCHOOL

A social project of
Agragami India

द बोधगया होटल स्कूल

विध्यार्थियों हेतु जानकारी पत्रिका 2022

शेक्षणिक वर्ष – अगस्त 2022 से अप्रैल 2023

द बोधगया होटल स्कूल | कटोरवा रोड, 80 फुट भगवान् बुद्ध की मूर्ती के पीछे, बोधगया, गया, बिहार 824231 | +91 631 2200044
Email: info@thebodhgayahotelschool.com

www: thebodhgayahotelschool.com
www: agragami.org.in

द बोधगया होटल स्कूल
अग्रगामी इंडिया की एक सामाजिक परियोजना है

Batch of 2019-20
Students placed with Different Hotels

Aniket Akash
Commis - II
Taj Usha Kiran Palace, Gwalior

Md. Akram Raza
Guest Service Assosiate,
Hotel Patliputra, Patna

Amardeep
Commis - III
Regenta Resort Soma Vine Village, Nasik

Mukesh Kumar
Commis - III
Royel Retreat Resort & SPA, Udaypur

Priyanka Kumari
Housekeeping Attendant,
Hyatt Regency, Amritsar

Kumari Suman Verma
F & B Service Assosiate
Hotel Maurya, Patna,

,

स्कूल सम्बंधित जानकारी

द बोधगया होटल स्कूल दो ऐसे देशों– भारत व स्विट्ज़रलैंड - के बीच सहयोग का परिणाम है,जिनकी संस्कृति में आतिथ्य सत्कार गहरे पैठा हुआ है। अग्रगामी इंडिया ने 2017 में दो स्विस संस्थानों – आई ऍफ़ पी डी (इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर पॉप्युलेशन एंड डेवलपमेंट) तथा ई एच एल स्माइल एसोसिएशन (विश्व के एक प्रमुख आतिथ्य सत्कार स्कूल की लाभ-निरपेक्ष संस्था) के साथ मिल कर द बोधगया होटल स्कूल की स्थापना की थी। स्कूल के योग्य व अनुभवी प्रशिक्षक, युवाओं को ऐसा उच्च-स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण देते हैं जो उन्हें आतिथ्य सत्कार उद्योग में नौकरी व व्यवसाय के लिए तैयार करता है।

होटल स्कूल की परिकल्पना

टी.बी.एच.एस.के बारे में अनोखी बात यह है कि यह एक पूरी तरह से काम कर रहे/चल रहे होटल में सन्निहित है। टीबीएचएस का ध्यान इस बात पर केन्द्रित है कि विद्यार्थी होटल में कार्य करें जिससे उनका व्यावहारिक हुनर विकसित हो। यहाँ के प्रशिक्षकों को उच्च श्रेणी के आतिथ्य सत्कार संस्थानों में कार्य करने का अनुभव है, और वे विद्यार्थियों को सिखाते है कि होटल की कार्य प्रणालियों को सही तरीके से कैसे पूरा करना है। विद्यार्थियों का 25% समय कक्षा में सीखने में, तथा 75% समय हुनर सीखने में व्यतीत होता है। पहले दिन से ही विद्यार्थी होटल के मेहमानों के संपर्क में रहते हैं। वे होटल के कार्यों का हिस्सा बनते हैं, तथा उन्हें कार्य को सँभालने व मेहमानों की संतुष्टि सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी दी जाती है। नौ महीनों के दौरान, विद्यार्थी जैसे-जैसे अपने कार्य में कुशलता प्राप्त करते हैं, वैसे-वैसे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सक्षम हो जाते हैं।

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी होटल के विभिन्न विभागों को पूरी तरह से समझ जायेंगे, मेहनती बनेंगे, तथा उच्च स्तरीय सेवाएँ प्रदान कर सकेंगे। टी.बी.एच.एस. का 'कार्य के माध्यम से सीखने' का तरीका भविष्य के नियोक्ताओं द्वारा अत्यंत पसंद किया जाता है; यह विद्यार्थियों को ऐसी जानकारी व हुनर देता है जो एक सूक्ष्म स्तरीय उद्यमी बनने के लिए आवश्यक है, जिससे वे आगे जा कर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकें।

9 महीने के पाठ्यक्रम के सफ़ल समापन के बाद स्नातकों को ई एच एल स्माइल (जो कि विश्व के प्रमुख मेहमानदारी प्रबंधन स्कूल –Ecole Hoteliere de Lausanne [ई एच एल], स्विट्ज़रलैंड, का संगठन है)द्वारा होटल व मेहमानदारी सेवाओं (होटल अंड हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज) में सर्टिफिकेट दिया जायेगा। ई एच एल विश्व का सबसे पुराना होटल स्कूल है तथा पूरी दुनिया में इसकी श्रेष्ठता की ख्याति है। 1996 में ई एच एल के विद्यार्थियों ने ई एच एल स्माइल की स्थापना की ताकि वे अपने अर्जित ज्ञान को विकासशील देशों के लोगों तक पहुँचा सकें। ई एच एल स्माइल विभिन्न विकासशील देशों में उच्च स्तरीय मेहमानदारी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। उद्घाटन के बाद से इस संगठन ने 8 देशों में प्रशिक्षण केंद्र खोले हैं।इस मॉडलकी सफ़लता की वजह से यह संख्या बढ़ती जा रही है। 2017 में द बोधगया होटल स्कूल ने भारत के युवाओं के लिए अपने दरवाज़े खोले।

कार्यक्रम का ढांचा

वर्ष 2022 के लिए, कोविड महामारी से उत्पन्न बाधाओं के कारण, होटल स्कूल खाद्य उत्पादन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम को बंद किया है। यह अभी सिर्फ होटल संचालन में डिप्लोमा कोर्स शुरू करने जा रहा है। यह कार्यक्रम तीन प्रमुख विभागों – हाउसकीपिंग व लांड्री, फ्रंट ऑफिस तथा खाद्य व पेय पदार्थ सेवा – के बारे में जानकारी उपलब्ध

कराएगा। विद्यार्थी कमरों से सम्बंधित कार्यों के बारे में जानेंगे; साथ ही वे सीखेंगे कि खाद्य व पेय पदार्थ जलपान गृह में उच्च स्तरीय सेवा कैसे प्रदान करनी है।

समय सारणी –विद्यार्थियों को हफ़्ते में 6 दिन प्रशिक्षण दिया जायेगा; एक दिन छुट्टी रहेगी। उन्हें 2 समूहों में बांटा जायेगा। एक समूह को सुबह 6.00 से दोपहर 3.00 बजे तक, तथा दूसरे समूह को दोपहर 12.00 बजे से रात 9.00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोनों समूहों के नियमित रूप से आपस में समय बदला जायेगा। प्रतिदिन 9 घंटे के अध्ययन समय में निम्नलिखित प्रकार से प्रशिक्षण दिया जायेगा:

- 3 घंटे कक्षा में पढ़ाई
- 1 घंटे स्व-अध्ययन
- 4 घंटे हुनर का विकास जिसमे मेहमानों से संपर्क भी शामिल है|
- 1 घंटा दोपहर/रात का भोजन

कौशल का विकास

होटल संचालन कार्यक्रम के विद्यार्थी बारी-बारी से होटल के तीन विभागों – फ्रंट ऑफिस, खाद्य व पेय पदार्थ सेवा, हाउसकीपिंग व लांड्री (गंदे कपड़े साफ़ करना) – में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे |

इस कार्यक्रम में विद्यार्थी प्रशिक्षकों की निगरानी व मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। जैसे-जैसे विद्यार्थी कार्य को सहजता से करेंगे, वैसे-वैसे उन्हें अधिक ज़िम्मेदारियाँ दी जाएँगी ताकि वे उच्च श्रेणी का कार्य स्वतंत्रतापूर्वक करने लगें।

कक्षा में पढ़ाई (थ्योरी क्लास)

सैद्धांतिक पाठ्यक्रम में मुख्यत: दो व्यापक समूह आते है – (क) होटल संचालन और (ख) पेशे से सम्बंधित आवश्यक अन्य ज्ञान, जैसे - *कार्य सम्बन्धी अंग्रेजी, व्यवसायिक तथा जीवन कौशल, तथा साफ़-सफ़ाई व स्वच्छता* जैसे विषयों का उद्देश्य ऐसे व्यवहार व मानसिकता को बढ़ावा देना है जिसकी एक व्यावसायिक व्यक्ति से उम्मीद की जाती है। स्व-अध्ययन के दौरान विद्यार्थी पाठ दोहराएंगे व आनेवाली परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार करेंगे।

होटल संचालन कार्यक्रम में पाठ्यक्रम	
- फ्रंट ऑफिस प्रचालन - हाउसकीपिंग व लांड्री सम्बन्धी तकनीकें - खाद्य व पेय पदार्थ सेवा सम्बन्धी तकनीकें - वाइन, पेय पदार्थ व बार सम्बन्धी जानकारी - व्यंजन-सूची नियोजन	**200 घंटे**
- कार्य सम्बन्धी अंग्रेजी - आथित्य सत्कार में साफ़-सफ़ाई व स्वच्छता - व्यावसायिक तथा जीवन कौशल - आई टी कार्यशाला (3 दिन)	**120 घंटे**

पाठ्यक्रम का विवरण

फ्रंट ऑफिस संचालन

पर्यटन उद्योग में होटल के स्थान के बारे में जानने, तथा होटल प्रचालन के ढाँचे की संक्षिप्त जानकारी प्राप्त करने के बाद, विद्यार्थी रिसेप्शन की विभिन्न ज़िम्मेदारियों के बारे में जानेंगे। कमरों की बुकिंग संभालना, कोंसीएर्ज़ (concierge) सेवाओं सम्बन्धी ज़िम्मेदारियाँ समझना, अतिथियों की देखभाल करना; यह 64 घंटे का पाठ्यक्रम फ्रंट ऑफिस क्लर्क के लिए आवश्यक किताबी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

खाद्य एवं पेय पदार्थ सेवाओं सम्बन्धी तकनीकें

खाद्य एवं पेय पदार्थ सेवा तकनीक का पाठ्यक्रम मुख्य तौर पर एक उच्च स्तरीय रेस्टोरेंट की क्रमबद्ध सेवा पर केन्द्रित है। यह विद्यार्थियों को बताता है कि अतिथि का स्वागत करने से ले कर भोजन उपरांत चाय व कॉफ़ी, तथा बिल प्रस्तुति किस प्रकार होनी चाहिए। इस 32 घंटे के पाठ्यक्रम में विद्यार्थी रूम सर्विस से जुड़े हुए कार्यों के बारे में जानेंगे, तथा उन्हें बैंक्वेट व कैटरिंग सेवाओं के बारे में भी बताया जायेगा।

हाउसकीपिंग व लांड्री सम्बन्धी तकनीकें

होटल संचालन कार्यक्रम के 64 घंटे के इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी हाउसकीपिंग विभाग के कार्यों व ज़िम्मेदारियों के बारे में जानेंगे। इस विभाग के ढाँचे/व्यवस्था को जानने के बाद, कमरों व सार्वजनिक स्थलों की सफ़ाई के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी। लांड्री हाउसकीपिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों को लांड्री प्रक्रिया के सभी चरणों के बारे में शिक्षित किया जायेगा।

वाइन, बार एवं पेय पदार्थ सम्बन्धी जानकारी

14 घंटे का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को बारटेंडर सम्बन्धी कार्यों व वाइन प्रस्तुत करने सम्बन्धी प्रणाली व तकनीकें समझने में मदद करता है। इसमें उच्च स्तरीय होटलों में उपलब्ध विभिन्न अल्कोहल (मदिरा) तथा विख्यात मदिरा/अल्कोहल रहित पेय पदार्थों, तथा वाइन तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाता है।

व्यंजन सूची नियोजन

इस विषय हेतु 16 घंटे निर्धारित किये गए हैं। विद्यार्थी एक स्पष्ट, लाभकारी तथा आकर्षक व्यंजन सूची बनाने सम्बन्धी सिद्धांतों को समझ पाएंगे।

कार्य सम्बन्धी अंग्रेजी

कार्य सम्बन्धी अंग्रेजी का पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उनकी भाषा सुधारने में तथा व्यवसायिक कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाता है जिससे वे अतिथियों व समूह के सदस्यों से बातचीत कर सकें। इसमें बुनियादी व्याकरण तथा होटल उद्योग में उपयोग की जानेवाली शब्दावली सिखाई जाएगी।

व्यवसायिक व जीवन कौशल

32 घंटे के इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यवहार के बुनियादी सिद्धांत सिखाये जायेंगे जिन्हें व्यवसायिक जीवन के अनुकूल बनाया जा सके। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवसायिक जीवन कौशल सिखाना है जिससे वे स्कूल में अतिथियों व समूह के सदस्यों से संचार कर सकें, तथा बाद में कार्यस्थल पर उपयोग कर सकें। यह नीति तथा अच्छे

व्यवहार के बारे में समझाता है, तथा विद्यार्थी के स्व-विकास तथा कार्य-संपादन को प्रभावित करता है।विस्तृत दृष्टिकोण से देखें तो, यह पाठ्यक्रम देश के आर्थिक विकास पर सामाजिक व्यवहार के प्रभाव को देखता है। विद्यार्थी सीखेंगे कि यदि उन्हें ऐसा नागरिक बनना है जो अपने परिवेश के विकास हेतु सकारात्मक योगदान करता है, तो उन्हें क्या–क्या करना चाहिए, कैसा व्यक्ति बनना चाहिए।

आथित्य सत्कार में साफ़-सफ़ाई व स्वच्छता

आथित्य सत्कार में साफ़ सफ़ाई व स्वच्छता के पाठ्यक्रम से विद्यार्थी होटल सम्बन्धी सभी कार्यों में साफ़-सफ़ाई के महत्त्व को समझते हैं। यह होटल सम्बन्धी अपनाये जाने वाले साफ़-सफ़ाई के मानक नियम बताता है, तथा इस उद्योग के *हैज़र्ड एनालिटिकल क्रिटिकल कण्ट्रोल पॉइंट (एच ए सी सी पी -HACCP)* के सिद्धांतों को विस्तार से समझाता है। साथ ही यह पाठ्यक्रम अस्वस्थकर कार्यस्थलों के खतरों के बारे में बताता है, तथा इस उद्योग में कार्यस्थल सम्बन्धी स्वास्थ्य विज्ञान तथा व्यक्तिगत साफ़-सफ़ाई के मानकों का विवरण देता है।

आई टी संचार कार्यशाला

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को बुनियादी कंप्यूटर कौशल बताये जायेंगे।विद्यार्थी माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पैकेज का उपयोग जानेंगे तथा कार्य से सम्बंधित प्रक्रियाएं व संचार के तरीके सीखेंगे।

हमारे सिद्धांत व मूल्य

टी बी एच एस में हम सम्मान व एकता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। हम एक पारिवारिक माहौल में कार्य करते हैं जहाँ प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत व संगठनीय विकास में योगदान देता है।टी बी एच एस की चारदीवारी में हम युवाओं को एक चलते हुए व्यापार का स्वामित्व लेने व अतिथि सम्बन्धी प्रत्येक अनुभव का दायित्व लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। टी बी एच एस परिवार के सदस्यों के रूप में हम निम्नलिखित सिद्धांतों व मूल्यों में विश्वास करते हैं व उनका अनुसरण करते हैं:

स्वामित्व एवं ज़िम्मेदारी – जिस तरह पढ़ाई में हमारा प्रयास हमारे व्यक्तिगत विकास में योगदान करता है, हम समझते हैं कि हम इस व्यापार के स्वामी हैं व हमारी मेहनत इस होटल को सफ़ल बनाती है। हम ज़िम्मेदारी दिए जाने पर व टी बी एच एस का बाहरी दुनिया के अतिथियों के सामने प्रतिनिधित्व करने पर गर्व महसूस करते हैं।

पारिवारिक तरीका व एकता – "एक समूह की शक्ति उसके सबसे कमज़ोर सदस्य की शक्ति के बराबर ही है"। हम समझते हैं की दूसरों को सुधार कर ही हम एक समूह के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। प्राप्त की गई जानकारी को समकक्ष लोगों के साथ बांटने से व्यक्तिगत विकास होता है। एक परिवार के रूप में हम सब बराबर हैं, व जब हम एकता के साथ काम करते हैं तो एक दूसरे की सहायता करते हैं।

सकारात्मकता व पेशेवराना अंदाज़ - अतिथियों व समूह के सदस्यों के प्रति हम सकारात्मक रवैया रखते हैं तथा उचित व सम्मानजनक भाषा का उपयोग करते हुए पेशेवराना अंदाज़ में व्यवहार करते हैं।

ईमानदारी व पारदर्शिता - टी बी एच एस एक ऐसी शिक्षण संस्था है जहाँ हम निश्चिंत होकर अपनी गलतियों से सीख प्राप्त कर सकते हैं। हम अपनी गलतियों व सुधारात्मक उपायों को सबके सामने स्वीकारते हैं जिससे सभी उनसे सीख ले सकें। अपनी गलतियों के बारे में बता कर व आवश्यक सुधारात्मक कदम उठा कर हम पारदर्शिता दिखाते हैं।

फीस संरचना

क. **ट्यूशन शुल्क:** टी बी एच एस की स्कूल फ़ीस 2000 रूपये प्रति माह है। इस फ़ीस में ट्यूशन, पाठ्यपुस्तकें, तथा स्कूल के दौरान रोजाना एक बार का भोजन शामिल है। परीक्षाओं के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं है। यदि विद्यार्थी पुनः परीक्षा देता है तो अतिरिक्त शुल्क है (नीचे दी गयी विद्यार्थी मूल्यांकन सम्बन्धी जानकारी पढ़ें)।

वार्षिक ट्यूशन फीस 18,000 रुपये की राशि 2 किस्तों में देय है:

- पहली किस्त (सेमेस्टर # 1 के लिए शिक्षण शुल्क): रु। 9,000 रुपये की राशि 22 जुलाई 2022 तक जमा करना है।
- दूसरी किस्त (सेमेस्टर # 2 के लिए शिक्षण शुल्क): रु। 9,000 रुपये की राशि 24 नवम्बर 2022 तक जमा करना है।

जो छात्र 22 जुलाई 2022 तक पूरे वर्ष के लिए शिक्षण शुल्क का भुगतान करेंगे, उन्हें 5 % की छूट दी जाएगी और उन्हें केवल 17,100 रुपये का भुगतान करना होगा।

- ट्यूशन शुल्क का भुगतान गैर-वापसी योग्य है।

ख. **सिक्योरिटी डिपॉजिट:** 1000 रुपये का भुगतान, सिक्योरिटी डिपॉजिट के रुप मे 22 जुलाई 2022 तक किया जाना है। पाठ्यक्रम के अंत में छात्र को सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस किया जाएगा। लेकिन, अगर छात्र ने स्कूल की संपत्ति को नुकसान पहुँचाया है या आवास और भोजन के लिए भुगतान नहीं की है, तो सिक्योरिटी डिपॉजिट से उस पैसे की कटौती की जा सकती है।

ग. **यूनिफार्म -** छात्र 1500 रुपये का भुगतान यूनिफार्म के लिए करेंगे - दो जोड़ी पतलून और तीन शर्ट। शेष राशि का भुगतान स्कूल करेगा।
छात्रों को अपने काले जूते खुद खरीदने होंगे।

घ. **आवास -** यदि आवश्यक हो तो बोधगया के बाहर के विद्यार्थियों के लिए स्कूल के नज़दीक ठहरने का इंतज़ाम किया जा सकता है। इस पर प्रति छात्र प्रति माह 700 रुपये खर्च होते हैं। एक रूम में 3 लोंगो के ठहरने का इंतजाम होता है | कृपया ध्यान दें कि ऐसे विद्यार्थियों के आवास पर किसी की निगरानी नहीं होगी, तथा अपने कमरों की सफ़ाई व देखभाल के लिए वे स्वयं ज़िम्मेदार होंगे।

ङ. भोजन - शहर के बाहर के विद्यार्थी चाहें तो स्कूल में प्रतिदिन दो अतिरिक्त बार भोजन कर सकते हैं। इस पर प्रति छात्र प्रति माह 2000 रूपये खर्च होते हैं |

फ़ीस तालिका

	भुगतान तिथि	ट्यूशन शुल्क	सिक्योरिटी डिपॉजिट	यूनिफार्म	कमरे का किराया (यदि छात्र कमरा चाहता है)	अतिरिक्त भोजन दो समय का (यदि छात्र चाहता है)	कुल भुगतान की राशि
1	22 जुलाई 2022	9000	1000	1500	700	2000	14,200
2	24 अगस्त 2022	-		-	700	2000	27,00
3	24 सितम्बर 2022	-		-	700	2000	27,00
4	24 अक्टूबर 2022	-		-	700	2000	27,00
5	24 नवम्बर 2022	9000		-	700	2000	11,700
6	24 दिसम्बर 2022	-		-	700	2000	27,00
7	24 जनवरी 2023				700	2000	27,00
8	24 फेब्रुअरी 2023				700	2000	27,00
9	24 मार्च 2023				700	2000	27,00
	कुल भुगतान	18000	1000	1500	6300	18000	44,800

दाख़िला

दाख़िला हेतु मानदंड व प्रक्रिया

- आथित्य सत्कार उद्योग तथा लोगों की सेवा हेतु उत्साह

- कक्षा 8 सफ़लता पूर्वक उत्तीर्ण की हो
- 1 जनवरी 2022 को 17 साल या अधिक की उम्र हो

चरण 1: आवेदन हेतु दस्तावेज़ तैयार करें	• स्कूल पास करने का प्रमाणपत्र • मार्क सीट • उम्र का प्रमाण पत्र • भरा हुआ आवेदन पत्र (इस दस्तावेज़ के अंत में संलग्न)
चरण 2: आवेदन सम्बन्धी दस्तावेज़ भेजें	• दस्तावेज़ टी बी एच एस **तक 9 जुलाई 2022** के पहले पहुँच जाने चाहिए • डाक का पता: द बोधगया होटल स्कूल, कटोरवा रोड, 80 फुट भगवान् बुद्ध की मूर्ती के पीछे, बोधगया, गया, बिहार 824231 • ईमेल से भेजने का पता: info@thebodhgayahotelschool.com
चरण 3: चयन के पूर्व	• आवेदनों की समीक्षा पर जो सही पाए जायेंगे , उन आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार व मूल्यांकन हेतु **15 जुलाई 2022** को टी बी एच एस आने के निमंत्रण दिया जायेगा ।
चरण 4: मूल्यांकन व साक्षात्कार	• मूल्यांकन में आधारिक संख्यात्मक व अंग्रेज़ी संचार कौशल की जाँच की जाएगी। साक्षात्कार में विद्यार्थियों के आम रवैये व आथित्य सत्कार उद्योग में काम करने सम्बन्धी उत्साह की जाँच की जाएगी ।
चरण 5: स्वीकार अथवा अस्वीकार करना एवं कोर्स की शुरुआत	• यदि मूल्यांकन व साक्षात्कार संतोषजनक हो तो आवेदनकर्ता को पुष्टि की खबर फ़ोन या ईमेल से भेजी जाएगी। सीट सुरक्षित करने के लिए विद्यार्थियों को फ़ीस भरनी होगी तथा उन्हें व उनके अभिभावकों **को 22 जुलाई 2022** के पहले प्रवेश सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे । • यदि मूल्यांकन व साक्षात्कार असंतोषजनक हो तो आवेदनकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी । • **1 अगस्त 2022** से कोर्स की शुरुआत होगी ।

होटल स्कूल के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए व स्कूल का दौरा करने के लिए टी बी एच एस प्रत्येक शनिवार को दोपहर 2 बजे, द बोधगया होटल स्कूल में एक जानकारी सत्र का आयोजन करता है। कृपया हमारे शिक्षकों व विद्यार्थियों के समय का सम्मान करें व नियत समय पर ही आयें।

नौकरी

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थी आथित्य सत्कार उद्योग में प्रवेश स्तर की नौकरी, प्रशिक्षण या इंटर्नशिप प्राप्त करने हेतु आवश्यक कौशल अर्जित कर लेते हैं, जहाँ से आगे बढ़ सकते हैं। होटलों में विभिन्न प्रकार के मौकों के अलावा स्नातक पास उच्च स्तरीय सेवा प्रदाताओं, जैसे रेस्टोरेंट, केटरर्स व इवेंट प्लैनर्स के लिए कार्य करने हेतु आवश्यक कौशल भी प्राप्त करते हैं।

Ecole Hoteliere de Lausanne के विस्तृत तंत्र की वजह से टी बी एच एस के भारत में स्थित बहुत सी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय होटलों के साथ सम्बन्ध हैं। विद्यार्थियों को नौकरी प्राप्त करने में सहायता की जाएगी जिससे उनके करियर की सफ़ल शुरुआत हो सके।

विद्यार्थियों का मूल्यांकन

टी बी एच एस में विद्यार्थियों का मूल्यांकन निरंतर होने वाली प्रक्रिया है, जिसके नतीजों का उपयोग कर विद्यार्थी अपने कार्य में सुधार कर सकते हैं।

कौशल का मूल्यांकन:

कौशल का मूल्यांकन प्रमुख तौर पर विद्यार्थियों के कार्य सम्बन्धी रवैये, तथा जो वे प्रतिदिन 2-5 घंटे स्कूल के होटल में कार्य करते हैं, उसमें उनके द्वारा प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन दर्शाता है। कौशल का मूल्यांकन मासिक मूल्यांकन तथा मुख्य परीक्षाओं के मिला कर किया जाता है।

मासिक मूल्यांकन उनके कार्यों, अतिथि और टीम के सदस्यों, सौंदर्य मानकों, अनुशासन और तकनीकी प्रदर्शन के प्रति छात्र के रवैये को मापेगा। मुख्य परीक्षा में छात्र के तकनिकी प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन जांचा जाता है |

किताबी ज्ञान

किताबी ज्ञान का मूल्यांकन बताता है कि रोज़ कक्षा में जो 3 घंटे पढ़ाई होती है, उसमें से विद्यार्थी ने कितना ग्रहण किया है। यह प्रश्नावलियों व मुख्य/अंतिम परीक्षाओं के माध्यम से किया जायेगा, जो कि अंग्रेज़ी में होंगे, तथा प्रश्न मुख्यतः ऑब्जेक्टिव (विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे) होंगे।

मूल्यांकन निम्नलिखित तालिका के अनुसार किया जायेगा:

व्यवहारिक/क्रियात्मक कौशल का मूल्यांकन		किताबी ज्ञान का मूल्यांकन	
परीक्षा का प्रकार	**%**	**परीक्षा का प्रकार**	**%**
मासिक मूल्यांकन	75	प्रश्नावलियाँ	60
पाठ्यक्रम कि मुख्य/अंतिम परीक्षा	25	मुख्य/अंतिम परीक्षा	40
कुल	**100**		**100**
उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक	45		45

केवल 3 होटल ऑपरेशन पाठ्यक्रमों के व्यवहारिक कौशल मूल्यांकन किया जायेगा।

किसी भी पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थी को व्यवहारिक कौशल तथा किताबी ज्ञान, दोनों में 45% अंक प्राप्त करने होंगे। डिस्टिंक्शन (श्रेष्ठता) से उत्तीर्ण होने के लिए सभी पाठ्यक्रमों में मिलकर औसत 75% अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रत्येक ऐसे पाठ्यक्रम के लिए जिसमें विद्यार्थी को 45% से कम अंक प्राप्त हों, उसे 250 रूपये प्रति विषय पुनः परीक्षा शुल्क देने पर अधिकतम 2 बार पुनः परीक्षा की अनुमति होगी।

यदि विद्यार्थी दूसरी पुनः परीक्षा में भी फ़ेल (अनुतीर्ण) हो गया तो उसे सर्टिफिकेट नहीं दिया जायेगा, तथा पुनः भर्ती के लिए आवेदन कर सकता है।

यदि विद्यार्थी प्राधिकृत अनुपस्थिति (अनुमति सहित अनुपस्थिति) की वजह से अंतिम परीक्षा नहीं दे पाता, तो उसे नि:शुल्क पुनः परीक्षा देने दी जाएगी।

सर्टिफिकेट

ई एच एल स्माइल एसोसिएशन का सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को:

- सभी विषयों में उतीर्ण होना होगा
- 100% उपस्थिति हो (साप्ताहिक छुट्टी, राष्ट्रीय छुट्टियाँ, तथा 12 स्वनिर्णयगत छुट्टियों, जिनका विद्यार्थी को अधिकार है – नियम व अधिनियम की धारा 2 देखें)

नियम व अधिनियम

निम्नलिखित खंड नियम व अधिनियम बताता है जिनका पालन विद्यार्थियों को करना है। दाख़िला होने पर विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक को इन नियमों के पालन की सहमति हेतु हस्ताक्षर करने होंगे।

1. **टी बी एच एस के मूल्यों का सम्मान करना**

टी बी एच एस में समूह के सदस्यों, स्टाफ अथवा अतिथियों के प्रति असम्मानजनक व्यवहार सहन नहीं किया जायेगा। विद्यार्थियों को हर समय टी बी एच एस के मूल्यों का अनुसरण करना होगा। यदि समूह का कोई सदस्य ऐसा न करे तो अनुशासनात्मक कार्यवाही, जैसे अंक कम करना, निलंबन, या गंभीर मामलों में स्कूल से निष्कासन किया जायेगा। **यदि निष्कासन हो तो जमा कर दी गई फ़ीस वापस नहीं की जाएगी।**

2. **साप्ताहिक छुट्टी, राष्ट्रीय छुट्टियाँ, स्वनिर्णयगत छुट्टियाँ**

पूरे 9 महीनों के दौरान, छात्रों को साप्ताहिक छुटियाँ के साथ-साथ, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गाँधी जयंती रास्ट्रीय छुटियाँ है और स्वनिर्णयगत छुट्टियाँ 12, कुल 15 दिनों की छुट्टी इस प्रकार है:

क. साप्ताहिक छुट्टी : विद्यार्थी को प्रति सप्ताह एक दिन की छुट्टी मिलेगी, जिसका निर्णय विभाग के प्रभारी करेंगे।

ख. राष्ट्रीय छुट्टियाँ: गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गाँधी जयंती अनिवार्य राष्ट्रीय छुट्टियाँ हैं। चूँकि होटल पूरे साल चलता है, प्रत्येक व्यक्ति को इस विशेष दिन पर छुट्टी नहीं दी जा सकती। जो लोग गणतंत्र दिवस पर छुट्टी नहीं ले पाएंगे, उन्हें वैकल्पिक दिन की छुट्टी मिलेगी।

ग. स्वनिर्णयगत छुट्टियाँ: 3 राष्ट्रीय छुट्टियों व विद्यार्थी कुल 12 दिनों की स्वयं की इच्छा से बीमारी, शादी, पारिवारिक कारण, परीक्षा आदि के लिए छुट्टी ले सकता है। छुट्टी के लिए समयानुसार (यदि पहले से पता हो किस तारीख़ को चाहिए तो 3 हफ़्ते पहले आवेदन करें) आवेदन करें, जिसकी सम्मति विद्यार्थी के प्रभारी द्वारा दी जाएगी।छुट्टी की वजह से विद्यार्थी की जो पढ़ाई छूट जाये, उसे स्वयं पूरा करना होगा।

3. **उपस्थिति**:

ऊपर 2 में बताई गई छुट्टियों के अलावा विद्यार्थी को अन्य सभी दिनों में उपस्थित रहना होगा।यदि विद्यार्थी अपने शिक्षक की अनुमति के बिना अनुपस्थित रहता है तो प्रत्येक ऐसे दिन की छुट्टी के लिए उसकी कुल छुट्टियों में से 2 दिन काटे जायेंगे।

4. **समयबद्धता**

विद्यार्थियों को समयबद्धता पर आँका जायेगा. देर से आने पर उनके प्रैक्टिकल मूल्यांकनसे अंक काटे जायेंगे तथा स्वनिर्णयगत छुट्टियों में से दिन कम कर दिए जायेंगे

क. यदि विद्यार्थी न्यायोचित कारण के दो घंटे से कम देर से आता है, तो प्रत्येक बार देर से आने के समय को जोड़ कर उसकी स्वनिर्णयगत छुट्टियों से से घटा दिया जायेगा।

ख. यदि विद्यार्थी दो घंटे से अधिक देर करता है, तो उसकी स्व निर्णय गत छुट्टियों से एक पूरा दिन घटा दिया जायेगा।

5. **व्यक्तिगत देखभाल**

आथित्य सत्कार उद्योग में सफ़ल होने के लिए स्वयं की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि विद्यार्थी व्यक्तिगत स्वच्छता के मानकों का पालन न करे तो सुपरवाइजर उसे वापस घर भेज सकता है तथा उसे बिना अनुमति के अनुपस्थित माना जा सकता है। सम्बंधित नियम निम्नलिखित हैं:

क. यूनिफार्म: धुली व प्रेस की हुई, तथा प्रत्येक परिधान ठीक से पहना हुआ

ख. बाल: साफ़, कटे हुए, व ठीक तरह से बनाये हुए.

ग. चेहरे के बाल (केवल पुरुषों के लिए): शेव करना, मूंछ/दाढ़ी ठीक से संवारना

घ. नाखून: साफ़ व कटे हुए, यदि नाखून पोलिश हो तो बिना रंग की (केवल महिलाओं के लिए)
ङ. शरीर: नहा कर हल्का डीओडरेंट लगायें
च. मेकअप (केवल महिलाओं के लिए): कम से कम उपयोग करें
छ. परफ्यूम: कम से कम, या बिलकुल न लगायें. आपके जाने के बाद आपके परफ्यूम की गंध नहीं रहनी चाहिए

6. सेल फ़ोन का उपयोग

यदि शिक्षक या प्रबंधक अनुमति दें तो ठीक है, वर्ना सेल फ़ोन का उपयोग निषिद्ध है। यदि किसी को विद्यार्थी से बात करनी हो तो रिसेप्शन पर फ़ोन कर सकते हैं ।

A social project of Agragami India

आवेदन प्रपत्र: द बोधगया होटल स्कूल

कटोरवा रोड, 80 फ़ुट भगवान् बुद्ध की मूर्ती के पीछे, बोधगया,गया, बिहार – 824231

जमा करने की आखिरी तारीख़: 9 जुलाई 2022

तारीख़....................

1. **कोर्स का नाम :- डिप्लोमा कोर्स इन होटल ऑपरेशनस** (अगस्त 2022 से अप्रैल 2022)

2. आवेदनकर्ता का विवरण

2.1 पहला/पहले नाम ....कुलनाम:.................................

2.2 लिंग: ☐ ला पुरुष ☐

2.3 जन्मतिथि :वर्ष ....महिना ....दिन ....

2.4 संपर्क हेतु पता/फ़ोन नंबर

मोबाइल नंबर :..ईमेल ....

2.5 वर्तमान पता :

...ज़िला

...राज्य ....पिन ....

2.6 स्थायी पता

...ज़िला

...राज्य ....पिन ....

2.7 राष्ट्रीयता : ....

2.8 कानूनी अभिभावक का नाम :...

अभिभावक के साथ आवेदनकर्ता का रिश्ता

☐ माता ☐ पिता ☐ य (बताएं):..................

उम्र/जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में कृपया अपनी मेट्रिक परीक्षा का प्रमाणपत्र संलग्न करें

3. **शिक्षा**

पाठ्यक्रम	बोर्ड/यूनिवर्सिटी	अवधि	जिस वर्ष उत्तीर्ण किया	% अंक	किस भाषा में पढ़ाई की

4. **काम का अनुभव**

नियोक्ता	क्या कार्य किया	कार्य स्थल	रोज़गार की अवधि	मासिक आय

5. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि:
इस प्रपत्र में दी गई जानकारी की सत्यता व सटीकता के लिए मैं ज़िम्मेदार हूँ।यदि पाया जाता है कि मैंने जानबूझ कर गलत जानकारी दी है तो मुझे इस पाठ्यक्रम से निकाल दिया जाये।
मैंने द बोधगया होटल स्कूल की विवरण पत्रिका तथा नियम व अधिनियम पढ़े हैं, तथा मैं स्वीकार करता/करती हूँ कि मैं उनका सम्मान व अनुसरण करूंगा/करुँगी

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर **हस्ताक्षर की तारीख़ व स्थान** **अभिभावक का हस्ताक्षर**
....

आपका आवेदन **9 जुलाई 2022** तक निम्नलिखित पते पर पहुँच जाना चाहिए:

अजय कुमार, जनरल मेनेजर, द बोधगया होटल स्कूल, कटोरवा रोड, 80 फुट भगवान् बुद्ध की मूर्ती के पीछे, बोधगया, गया, बिहार 824231

अन्यथा

इस ईमेल पर भेजेंपर आवेदन भेजे : info@thebodhgayahotelschool.com